कार्यालय–सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, मोहान रोड, लखनऊ

पत्रांक–1294-96/औ0प्रा0शि0प0/वा0प0/2023–24 दिनांक– 17. 04.2023

समस्त प्रधानाचार्य,
विभागीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें उ0प्र0।

विषयः–वार्षिक परीक्षा 2023 के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।

सूच्य है कि, वार्षिक परीक्षा 2023 जो कि, माह जून 2023 में सम्भावित है को सम्पन्न कराने में निम्नानुसार आंशिक परिवर्तन किये गये है–

1. विगत वर्षों की भांति प्रश्नपत्रों के पैकेट न भेजकर संस्था की ई–मेल आई डी पर प्रश्नपत्र की प्रति–प्रतिदिन परीक्षा आरम्भ होने से एक घंटा पूर्व प्रेषित की जाएगी, प्रश्न पत्र की प्रति केन्द्र व्यव्यथापक/केन्द्र अधीक्षक स्वयं के स्तर पर डाउनलोड कर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप प्रिंट निकाल कर परीक्षार्थियों को उपलब्ध करायेगें।

   अतः संस्था प्रधानाचार्य तत्काल स्वयं का फोन नं0 तथा संस्था की ईमेल आई–डी परिषद कार्यालय को लिखित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन संस्थाओं द्वारा संस्था की ईमेल आई–डी प्रेषित नहीं की जायेगी उन्हें प्रश्नपत्र प्रेषित करना सम्भव न होगा जिसके लिये संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी।

2. वार्षिक परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची विलम्बतम दिनांक–30.04 2023 तक एक्सेल पर अंग्रेजी के बड़े अक्षरो **(Capital Letters)** में टाइप कराकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से परिषद कार्यालय को संलग्नक प्रारूप पर उपलब्ध कराने के साथ–साथ परिषद की मेल आईडी **itecuplko@gmail.com** पर भी अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें। दिनांक–30.04.2023 तक जिन संस्थाओं के परीक्षार्थियों की सूची परिषद कार्यालय में प्राप्त नहीं होगी उनके सम्बन्ध में यह समझा जायेगा कि, संस्था में परीक्षार्थियों की संख्या शून्य है।

3. वार्षिक परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा शुल्क निम्नांकित लेखाशीर्षक में दिनांक–18.04.2023 से 30.04.2023 तक ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। 30.04.2023 के उपरान्त जमा की गयी परीक्षा शुल्क की ट्रेजरी स्वीकार नही की जायेगी। अतः निर्धारित समय सीमा के अन्दर परीक्षा शुल्क अनिवार्य रूप से जमा कर दी जाये।

संलग्नक–यथोक्त

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपि–निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ
2. योजनाधिकारी/नोडल अधिकारी (परीक्षा) निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ

सचिव

Scanned with Oken Scanner

प्रारूप–1

पाठ्यक्रमों के नाम जिनकी मान्यता प्रदान की गयी है।

1 संस्था का नाम –
2 संस्था का कोड–
3 संस्था के प्रबन्धक का नाम एवं मो0नं–
4 संस्था के प्रधानाचार्य/केन्द्र अधीक्षक का नाम एवं मो0नं–
5 नियमित प्रधानाचार्य न होने की स्थिति में कार्यवाहक प्रधानाचार्य का नाम एवं मो0नं0
6 संस्था की ईमेल आईडी

हस्ताक्षर प्रधानाचार्य

प्रारूप–2

1 संस्था का नाम –
2 संस्था का कोड–
3 पाठयक्रम का नाम–
कुल पंजीकृत परीक्षार्थी –
अनु0 जाति/जनजाति – अन्य पिछड़ा वर्ग – सामान्य–

क्रम सं0	परीक्षार्थी का नाम	पिता का नाम	जाति	जन्म तिथि	शैक्षिक योग्यता	पता

परीक्षा शुल्क का विवरण

अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थियों के लिये–50 रू0 प्रति परीक्षार्थी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परीक्षार्थियों के लिये–100 रू0 प्रति परीक्षार्थी।

शुल्क जमा करने का लेखाशीर्षक:–
0235–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण
60–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम
800–अन्य प्राप्तियां
01–समाज कल्याण विभाग की प्रकीर्ण प्राप्तियां।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

Scanned with Oken Scanner